वर्ष- 2 , अंक-348
छपरा
1 अक्टूबर नवंबर 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

## मोहम्मद अजरुद्दीन रेवंत रेड्डी सरकार के पहले मुस्लिम मिनिस्टर

### हैदराबाद में शपथ ग्रहण समारोह हुआ



**हैदराबाद,एजेंसी।** पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। आज राजभवन में उनका शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ।

दरअसल, तेलंगाना की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30त्न हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा। अजहरुद्दीन 2023 में इसी सीट से चुनाव हार चुके हैं। वहीं, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में अभी एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं था। इस वजह से मुस्लिम समुदाय को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व न देने का आरोप लग रहा था।

## क्रेन हवा में अटकी, सांसद ने ऑपरेटर को थप्पड़ जड़ा

**अंबेडकर प्रतिमा पर माला चढ़ाकर उतरते वक्त झटका लगा तो भड़के गणेश सिंह**



**सतना,एजेंसी।** क्रेन में बैठे सतना सांसद गणेश सिंह को झटका लगा तो वे ऑपरेटर पर भड़क गए। उसे सबके सामने थप्पड़ मार दिया। मामला शुक्रवार को सरदार पटेल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का है। इसका वीडियो भी सामने आया है। सांसद गणेश सिंह ने सुबह रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। इसके बाद वे सेमरिया चौक पहुंचे। यहां क्रेन के हाइड्रोलिक बॉक्स में चढ़कर अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद नीचे आते समय मशीन अचानक झटके से बीच में रुक गई। सांसद कुछ देर हवा में ही अटके रहे। मशीन हिली तो असंतुलन की स्थिति बन गई।

## कर्नाटक में भाजपा नेता के बेटे ने टोलकर्मी को पीटा

### बोला- तुम जानते नहीं मैं कौन हूं; स्टाफ ने फ्री में जाने से रोका था

**विजयपुरा,एजेंसी।** कर्नाटक के विजयपुरा-कलबुर्गी हाइवे पर एक टोल बूथ पर भाजपा नेता के बेटे और उसके दोस्तों ने टोलकर्मी से मारपीट की। टोलकर्मी ने भाजपा नेता के बेटे को फ्री में टोल पार करने देने से मना कर दिया था।आरोपी की पहचान समर्थगौड़ा पाटिल के रूप में हुई है। वह भाजपा नेता और बाबलेश्वर से पूर्व उम्मीदवार विजुगौड़ा पाटिल के बेटा है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें समर्थगौड़ा और उसके दोस्त एक टोल कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुए देखे गए।

पुलिस ने शुक्रवार को वीडियो की पुष्टि की और बताया कि यह घटना गुरुवार को कन्नोली में हुई। पुलिस के अनुसार, समर्थगौड़ा और उनके दोस्त एक कार से विजयपुरा से सिंदगी जा रहे थे। टोल बूथ पर टोलकर्मी संगप्पा ने उन्हें रोका और पैसे देने को कहा।

**पीएम बोले- पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो**

# नेहरू ने बांटा; जो अंग्रेज नहीं कर पाए कांग्रेस ने किया, वंदे मातरम् का हिस्सा काटा

### कांग्रेस की गलती की आग में कश्मीर दशकों तक जलता रहा



वडोदरा,एजेंसी। पीएम मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ।

पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा।

पीएम ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो वंदे मातरम् राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए।

मोदी ने कहा- जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने समाज को विभाजित किया और ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया।



पीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली पीएम ने संबोधन से पहले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसरों ने किया। परेड में BSF, CISF, ITBP, CRPF, और सीमा सुरक्षा बल समेत 16 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया।



परेड में ऑपरेशन सिंदूर में BSF के 16 पदक विजेता और CRPF के 5 शौर्य चक्र विजेता भी शामिल हुए। परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के 100 सदस्यों ने किया, जबकि 9 बैंड टुकड़ियां और 4 स्कूल बैंड ने परेड में परफॉर्म किया।

### मोदी बोले- कांग्रेस को अंग्रेजों से गुलाम मानसिकता विरासत में मिली

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता अंग्रेजों से विरासत में मिली, बल्कि गुलाम मानसिकता को भी आत्मसात किया। कुछ ही दिनों में वंदे मातरम् अपनी 150वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो इसके विरोध में वंदे मातरम् नागरिकों की आवाज बना। मोदी ने कहा- अंग्रेजों ने वंदे मातरम् बोलने पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की। वे कभी सफल नहीं हुए। वंदे मातरम् का मंत्र भारत के हर कोने में गूंजता रहा। जो काम अंग्रेज करने में विफल रहे, कांग्रेस ने हासिल किया।

**बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए का घोषणा पत्र जारी**

## केजी-पीजी तक मुफ्त शिक्षा,1 करोड़ नौकरी का वादा,कांग्रेस बोली- 26 सेकेंड में मेनिफेस्टो जारी किया, इनके वादे झूठे



**पटना,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें रोजगार, औद्योगिक निवेश, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना के व्यापक विकास की श्रृंखला में 20 ठोस 'संकल्पों की घोषणा की गई है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि यह देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जारी किया गया है। उन्होंने कहा, ''यह दिन हमें एकता, विकास और संकल्प की भावना की याद दिलाता है।

एनडीए बिहार को समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लेती है। प्रत्येक जिले में स्थापित विशाल कौशल केंद्रों को 'वैश्विक कौशल केंद्रों में परिवर्तित किया जाएगा। घोषणापत्र में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ''एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। चौधरी ने कहा, ''एनडीए बिहार की महिलाओं को करोड़पति उद्यमी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। घोषणा पत्र के प्रमुख प्रावधानों में पिछड़े वर्गो के लिए विशेष आर्थिक सहायता का भी उल्लेख है। चौधरी ने कहा, ''आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गो (ईबीसी) को सरकार 10 लाख रुपये की सहायता देगी और उनके हितों के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जाएगा।

कृषि क्षेत्र के लिए एनडीए ने 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि शुरू करने की घोषणा की है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से लागू किया जाएगा।

**इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि- सोनिया, राहुल ने श्रद्धांजलि दी**

## राहुल ने लिखा- उन्होंने हमें सिखाया भारत के स्वाभिमान से बढ़कर कुछ नहीं

**दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज 41वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और लोकसभा के विपक्षी नेता राहुल गांधी ने इंदिरा गांधी को दिल्ली के उनके मृत्यु स्मारक शक्ति स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इंदिरा गांधी को 31 अक्टूबर 1984 को उनके ही दो बॉडीगार्ड ने हत्या कर दी थी। वे भारत की तीसरी और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने 1966 से 1977 और फिर 1980 से 1984 तक देश का नेतृत्व किया था। उनके मृत्यु स्मारक शक्ति स्थल की स्थापना उनकी मृत्यु के एक साल बाद 1985 में की गई थी। आज देश लौह महिला इंदिरा गांधी को उनकी 41वीं पुण्यतिथि पर नमन कर रहा है। वे असाधारण साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, धैर्य और अदम्य संकल्प की प्रतीक थीं – इंदिरा गांधी ने हर चुनौती का सामना अडिग होकर किया।उन्होंने आगे 13 अगस्त 1977 की शाम को याद करते हुए लिखा कि बारिश हो रही थी ,जब इंदिरा गांधी कार, जीप, ट्रैक्टर और फिर हाथी पर सवार होकर बिहार के सुदूर गांव बेलछी पहुंचीं। वहां उन्होंने जातीय हिंसा में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।



### इंदिरा गांधी ने हर चुनौती का सामना अडिग होकर किया : जयराम रमेश

इस मौके पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इंदिरा गांधी को याद करते हुए 1977 के उनके बेलछी दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा जी ने उस समय कार, जीप और ट्रैक्टर से सफर किया और फिर हाथी पर सवार होकर बेलछी गांव पहुंचीं, जहां जातीय हिंसा से तबाह परिवारों से मिलीं।



### सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी पुष्पांजली दी

देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने संसद के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजली दी।

## एसआईआर के एलान के बाद बंगाल के मतुआ समुदाय में डर का माहौल, भाजपा और टीएमसी की बढ़ी चिंता

**कोलकाता,एजेंसी।** हाल ही में चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने का एलान किया है। चुनाव आयोग के इस एलान के साथ ही पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय में डर, नाराजगी और चिंता का माहौल है। मतुआ समुदाय को विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के तहत बड़े पैमाने पर वोट देने का अधिकार छिन जाने का डर सता रहा है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों ही पार्टियों का मतुआ समुदाय में जनाधार है, ऐसे में दोनों पार्टियों को अपने वोटबैंक की नाराजगी की चिंता सता रही है।

**राज्य की 40 विधानसभा सीटों पर मतुआ समुदाय का प्रभाव:**मतुआ समुदाय एक हिंदू शरणार्थी समुदाय है और इस समुदाय के लोग उत्तर 24 परगना, नादिया और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में रहते हैं और बंगाल की 40 से ज्यादा विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है। चुनाव आयोग ने साल 2002 के बाद पहली बार फर्जी, मृत और अयोग्य वोटरों को हटाने के लिए एसआईआर कराने का फैसला किया है। ऐसे में जो लोग 2002 की वोटर लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें अब अपनी योग्यता साबित करने के लिए दस्तावेज देने होंगे।



**राजनेताओं के बयानों से बढ़ा असमंजस :**मतुआ समुदाय के हजारों लोग दशकों से बांग्लादेश से बिना दस्तावेजों के पलायन कर भारत में बसे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सबसे प्रमुख मतुआ नेता बनगांव सांसद शांतनु ठाकुर ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा, अगर शरणार्थी मतुआ लोगों के नाम हटा दिए जाते हैं तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्हें सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिलेगी। हालांकि उनके बयान के बावजूद मतुआ लोगों की नाराजगी शांत नहीं हुई है। वहीं मतुआ के प्रथम परिवार की नेता और शांतनु ठाकुर की चाची टीएमसी की राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर ने समुदाय के नेताओं की ठाकुरनगर में बैठक बुलाई है। इस बैठक में अगले कदम पर चर्चा की जाएगी।

टीएमसी सांसद ने कहा कि 2002 के बाद आने वाले लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। भाजपा के नागरिकता देने वाले जुमले के बाद से समुदाय के लोग हमें वोट दे रहे हैं। भाजपा विधायक सुब्रत ठाकर ने कहा कि जो लोग 2002 से 2025 के बीच भारत आए हैं, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अगर वे सीएए के तहत आवेदन करेंगे तो हम उनके नाम रखने की अपील कर सकते हैं लेकिन चुनाव आयोग स्वायत्त निकाय है और उनके नाम रखे जाएंगे या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

## जयपुर में हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान हाईकोर्ट (जयपुर) को ई-मेल पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में तमिलनाडु की सरकार, नाबालिगों से रेप को लेकर नाराजगी है। आरोपी ने तुरंत बिल्डिंग खाली कराने के लिए लिखा है। शुक्रवार सुबह मिले धमकी भरे मेल के बाद बिल्डिंग को खाली कराया गया है। धमकी की जानकारी मिलते ही परिसर में हड़कंप मच गया। सभी को आनन-फानन में बिल्डिंग से बाहर भेजा गया। डॉग स्क्वॉड की टीम बिल्डिंग में सर्च कर रही है। इस बीच कोर्ट के बाहर सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हैं। डीसीपी राजर्षि राज ने बताया कि फिलहाल बिल्डिंग में सर्च जारी है। सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में मौजूद सभी लोगों को परिसर से दूर रहने के लिए कहा गया है। धमकी भरे मेल करने की जांच साइबर टीम कर रही है ।

**देश के 1466 जांबाजों को केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक**

## पहलगाम हमले के मास्टरमांइड को मारने वाले 20 पुलिस कर्मी होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देशभर से 1466 सुरक्षाबल कर्मियों को गृह मंत्रालय की तरफ से केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 2025 के लिए चुना गया है। शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने इसकी घोषणा की।

ये मेडल चार फील्ड- स्पेशल ऑपरेशन्स, इनवेस्टीगेशन, इंटेलिजेंस एंड फोरेंसिक साइंस के कर्मचारियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन, प्रोफेशनलिज्म और अपने साथियों का मनोबल बढ़ाने के लिए दिया जाएगा। हालांकि यह मेडल कब और कहां दिए जाएंगे, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसमें मई-जुलाई में हुए काउंटर टेरर मिशन ऑपरेशन महादेव में शामिल जम्मू-कश्मीर के वे 20 पुलिस कर्मी भी हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड आतंकवादी सुलेमान उर्फ आसिफ को मार गिराया था। ऑपरेशन में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों में जिब्रान (अक्टूबर 2024 में सोनमर्ग सुरंग हमले में भी शामिल) और हमजा अफगानी भी थे।



**2024 में मेडल की शुरुआत हुई-** केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक 1 फरवरी 2024 को शुरू किए गए थे। इन्हें देशभर की पुलिस बलों, सुरक्षा एजेंसियों, खुफिया विभागों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विशेष शाखाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केंद्रीय पुलिस संगठनों और फोरेंसिक विज्ञान विभागों के कर्मियों को दिया जाता है।

**परमिट रूट से बाहर हादसे पर भी मुआवजा मिलेगा**

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश :कर्नाटक की बीमा कंपनी पीड़ित को पैसा दे, 11 साल पुराने केस में फैसला



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बीमा इंश्योरेंस क्लेम के एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि बीमा कंपनियां सिर्फ इस आधार पर दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकतीं कि दुर्घटना करने वाला वाहन तय रूट से अलग चल रहा था या परमिट की शर्तों का उल्लंघन हुआ था। स्ष्ट ने बीमा कंपनी को राशि चुकाने का आदेश दिया है। मामला 2014 का है। तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई थी। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने 18.86 लाख रुपए मुआवजे का आदेश दिया था। वाहन मालिक ने इसे कर्नाटक हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

**वाहन मालिक और इंश्योरेंस कंपनी की दलील :** बीमा कंपनी ने भी तर्क दिया था कि वाहन ने बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन किया था। हाई कोर्ट ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि पहले मुआवजा अदा करे और बाद में वाहन स्वामी से वसूले। इसके खिलाफ बीमा कंपनी और वाहन मालिक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

**सुप्रीम कोर्ट की बेंच का कहना :** जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि बीमा पॉलिसी का मकसद यह है कि अगर कभी कोई अचानक हादसा हो जाए, तो वाहन मालिक या चालक को होने वाले आर्थिक नुकसान या जिम्मेदारी से बचाया जा सके।

**बीमा कंपनी की अपील खारिज :** सिर्फ दुर्घटना परमिट की सीमा के बाहर होने के आधार पर पीड़ित या उसके आश्रितों को मुआवजा न देना न्याय की भावना के विपरीत होगा। शीर्ष अदालत ने वाहन मालिक और बीमा कंपनी की अपील खारिज कर दी।

**50 प्रतिशत गाड़ियां बिना इंश्योरेंस के सड़कों पर :** वहीं सुप्रीम कोर्ट की बेंच 30 अक्टूबर को एक अन्य मामले की सुनवाई कर रही थी। इसमें तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक इंश्योरेंस कंपनी को सड़क हादसे में मृत व्यक्ति के परिवार को करीब 10 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। क्लेम करने वालों ने 1996 में एक एक्सीडेंट में अपने परिवार के सदस्य को खो दिया था।


इसी दौरान दावेदारों की ओर से वरिष्ठ वकील जॉय बसु ने बताया कि देश में करीब 50त्न वाहन इस समय बिना बीमा के चल रहे हैं। इस बात ने जस्टिस करोल का हैरत में डाल दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने मांगे सुझाव :** वरिष्ठ वकील बसु ने कहा कि कोर्ट को इस स्थिति से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश देने चाहिए। इस पर जस्टिस करोल ने उनसे सहमति जताते हुए सुझाव मांगे।

# पुत्रेष्टि यज्ञ प्रवर्तन तीर्थ है चिरांद, कार्तिक कल्पवास यज्ञ से जागृत हो रहा पुण्य क्षेत्र

## इस तीर्थ का संबंध नरसिंह भगवान से भी

**दैनिक खोज खबर डोरीगंज (सारण)।** रामायण परिपथ का महत्वपूर्ण तीर्थक्षेत्र चिरांद भारत की यज्ञ संस्कृति का प्राचीन व प्रमुख स्थल है। कलिकाल में भी इसके महत्व से लोग अवगत होते रहे है, यह तीर्थ अब सुसुप्ता अवस्था से जागृत अवस्था में आ रहा है। इससे भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व का मानव लाभान्वित होगा। गंगा सरयू और सोन नद के पावन संगम पर स्थित परम तीर्थ चिरांद में कार्तिक कल्पवास के समारोप पर यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ होने के पूर्व भारत के परम संत श्रीश्री1008 मौनी बाबा ने इस यज्ञभूमि के महात्म पर विस्तार से प्रकाश डाला। कल उन्होंने इस परमतीर्थ की कथा के क्रम में कश्यप पुत्र ऋषि विभांडक की कथा सुनायी थी। त्रेता के तृतीय चरण में विभाडक ऋषि ही पुत्रेष्टि यज्ञ के प्रवर्तक थे। वैसे उनसे पूर्व में पुत्रेष्टि यज्ञ की परंपरा उनके पिता महर्षि कश्यप ने शुरू की थी। उन्होंने स्वयं नारायण को पुत्र के रूप में प्राप्त करने के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ किया था जिससे सिद्धाश्रम में उनके पुत्र



के रूप में नारायण ने वामन रूप में अवतार लिया था। इसके बाद जमदग्नी ऋषि ने अपनी पत्नी रेणुका के साथ पुत्रेष्टि यज्ञ किया था जिससे नारायण ने राम जिन्हें बाद विश्व ने परशुराम नाम से जाना उनका अवतार हुआ था। भगवान परशुराम न्याय विग्रह थे जिन्होंने स्खलित क्षात्र धर्म की मर्यादा की पुनर्स्थापना की थी। इसके बाद त्रेता युग में ही विभांडक ऋषि के पुत्र ऋषि श्रृंगी ने महाराजा दशरथ एवं महारानी कौशल्य को यजमान बनाकर पुत्रेष्टि यज्ञ सम्पन्न कराया जिससे धर्म विग्रह श्रीराम एवं श्रीभरत, श्रीलक्ष्मण एवं श्रीशत्रुघ्न का अवतरण हुआ था। महाराजजी ने कहा कि वास्तव में इस चिरांद की महिमा अपरंपार है जिसका वर्णन शब्दों में सभव नहीं। यह गुप्त तीर्थ है जहां भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण ने अपने गुरु महर्षि विश्वामित्र के संरक्षण में पराशक्ति को धारण कर अपनी विजय यात्रा शुरू की थी। इस क्षेत्र का संबंध अत्याचार का नाश करने वाले नारायण के अवतार नरसिंह से भी है। दक्षिण भारत से सोन नद के तट से होते हुए वे यहीं गंगा के पास आकर रूक गए थे। इस प्रकार सोन नद और गंगा के बीच का क्षेत्र नरसिंह क्षेत्र बना। गोस्वामी तुलसीदासजी ने बालकांड में इसके बारे में संकेत देते हुए लिखा है– सानुज राम समर जसु पावन मिलेउ महानद सोन सुहावन। इस प्रकार श्रीराम ने नरसिंह अवतार के समय की अपनी शक्ति को इसी दिव्य संगम तीर्थ पर फिर से ग्रहण किया था। यज्ञ और श्रीराम नम संकीर्तन से यह तीर्थ फिर से जागृत हो रहा है।

# सारण जिला वैश्य महासभा ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी को दिया समर्थन

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सारण जिला वैश्य महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक होटल विरासत में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन छपरा विधानसभा से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी का समर्थन करेगा। बैठक की अध्यक्षता वैश्य महासभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ चतुरी ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता गंगोत्री प्रसाद ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि छोटी कुमारी ने हमेशा छपरा की जनता के विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण



और सुशासन को प्राथमिकता दी है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के बीच संवाद स्थापित कर लोगों का भरोसा जीता है। वक्ताओं ने कहा कि अब छपरा को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो सबको साथ लेकर क्षेत्र की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाए।बैठक में यह भी बताया गया कि छोटी कुमारी, भाजपा सारण जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह की धर्मपत्नी हैं। वे दो बार जिला परिषद् सदस्य, जिला परिषद् अध्यक्ष, भाजपा जिला मंत्री तथा वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता के पद पर रह चुकी हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय जनसेवा को देखते हुए वैश्य महासभा ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। बैठक में विधायक सी. एन. गुप्ता, मेयर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी गंगोत्री प्रसाद, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार (राजेश फैशन), शिक्षा संघ के सचिव विधा सागर विद्यार्थी, राजेश नाथ प्रसाद सहित दर्जनों वैश्य समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया और नारा दिया- विकास और एकता के लिए वोट दें।

# मतदाता जागरूकता : भारत स्काउट और गाइड के स्वयंसेवको ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भारत स्काउट और गाइड सारण के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज के नेतृत्व में राजेंद्र सरोवर, छपरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नागरिकों में मतदान के अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक सोनू कुमार,सीनियर स्काउट हार्दिक कुमार, गाइड राधा रानी, खुशी, अमृता, रौशन हबीबा, मेनका, स्काउट प्रिंस, राजा, सुजीत, हर्षित सहित लगभग 50 स्काउट एवं गाइड उपस्थित रहे। सभी ने ÷शत-प्रतिशत मतदान÷ का संकल्प लेते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय किया।इस दौरान जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने कहा युवा



वर्ग को लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। हर एक वोट न केवल अधिकार है, बल्कि राष्ट निर्माण की दिशा तय करने वाली शक्ति है। स्काउट और गाइड सदैव समाज को जागरूक एवं प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में स्काउट और गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे लगाए गए और सभी ने मतदान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

# इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप, नाराज परिजनों ने किया हंगामा

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल अस्पताल में इलाज में लापरवाही के आरोप पर मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा की और अस्पताल में तोड़फोड़ की। जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।इसकी सूचना अस्पताल कर्मियों ने पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंचती इसके पहले ही परिजन फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय नगर का एक व्यक्ति शौचालय में गिरकर जख्मी हो गया था। परिजन जख्मी को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इससे नाराज परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। दूसरी तरफ चिकित्सक ने बताया कि जख्मी को जब अस्पताल लाया गया था उनकी मृत्यु हो चूकी थी। जख्मी को उनके परिजन मृत अवस्था में ही लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इसकी जानकारी देने पर परिजन नाराज और आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। परिजनों के हंगामा देख अस्पताल में अफरातफरी मच गई और सभी इधर उधर भागने लगे। घटना को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आर.एन. तिवारी ने बताया कि मरीज के परिजनों द्वारा हंगामा किया गया और तड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। मामले में अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# अवतार नगर थाने में तैनात एस आइ की ब्रेन हैमरेज से मौत, पुलिस लाइन में दी गई अंतिम सलामी

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।**अवतार नगर थाने में तैनात एस आइ राणाप्रताप मंडल की ब्रेन हैमरेज से हुई मौत । पुलिस लाइन में अंतिम सलामी के बाद शव उनके परीजनो को सौंपा गया। अवतार नगर थाने में तैनात एस आइ की मौत गुरुवार की देर थानाक्षेत्र के हराजी मोड़ (कल्लूचौक)पर चुनाव आयोग के निर्देश पर तैनात थे,सुबह के करीब चार बजे उनके शिर मे दर्द होने लगा उन्होने उपस्थित मजिस्ट्रेट से कि मेरे सिर मे दर्द हो रहा है मै थाना जा रहा हूं ,और अपनी बाइक से अवतार नगर के लिए चले और संठा गां के सामने स्थानीय लोगों शौच जाने के क्रम मे देखा कि एक आदमी सड़क पर गिरा हुआ है और बाइक भी गीरी है ,लोगों ने 112 को डायल किया और112 मौके पर पहुंच गाड़ी से दिघवारा अस्पताल ले गइ जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया ।शव का अंत परीक्षण सदर अस्पताल छपरा मे होने के बाद पुलिस लाइन मे उन्हे अंतिम बिदाई के बाद शव को उनके गांव पुरणिया भेजा गया।

# भोजपुरी एक्टर सीमा सिंह का बारिश की वजह से मढ़ौरा में रोड शो रद्द

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** 117 मढ़ौरा विधानसभा से एनडीए समर्थित लोजपा (आर) की अभ्यर्थी रही सीमा सिंह नामांकन रद्द होने के बाद शुक्रवार को मढ़ौरा पहुंची। सीमा सिंह ने मढ़ौरा की खाली सीट पर गठबंधन की तरफ से समर्थित निर्दलीय



अभ्यर्थी अंकित कुमार के मढ़ौरा स्थित कार्यालय का उद्घाटन किया। हालांकि लगातार वर्षा होने के कारण प्रस्तावित अपने रोड-शो को रद्द कर दिया। इस दौरान सीमा सिंह ने कहा कि मढ़ौरा अब उनकी कर्मभूमि है और वह यहां आती रहेगी। उनका नामांकन रद्द होने के बाद जिस तरह से लोग मायूश हुए और चिंता दिखाई उससे उनका जुड़ाव यहां के लोगों से बन गया है। वह यहां के लोगों के लिए काम करना चाहती और मढ़ौरा में विकास की गति को तेज करना चाहती है। इस दौरान सीमा सिंह ने लोगों से बदलाव के लिए मतदान करने और अपने वोट का सोच समझ कर उपयोग करने की बात कही।

# चुनावी रोड शो में पॉकेटमार सक्रिय, पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पार्टियों की चुनावी रैलियों में पॉकेटमार भी सक्रिय है, जिससे कई लोग आर्थिक नुकसान उठा रहे है। ऐसा सभी पार्टी की रैलियों में हो रहा है जिससे पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। चुनावी कार्यक्रम, रैली की भीड़ को छोटे छोटे अपराधी अपना अवसर बना लिए है। हालांकि प्राय ऐसे मामले में शिकायत थाने तक नही पहुंचती जिससे यह पुलिसिया मामला नही बनता, लेकिन इस तरह खबरे खूब चर्चा में रह रही है। एक घटना मढ़ौरा के मिर्जापुर निवासी रविन्द्र महतों के साथ गुरुवार को घटी। पीड़ित घर से 26 हजार रुपया कर्ज चुकाने के लिए लेकर जा रहा था। तभी भोजपुरी सीने स्टार खेसारी लाल यादव का रोड- शो मिर्जापुर पहुंचा था। रविन्द्र महतों भी खेसारी लाल को देखने के लिए सड़क किनारे भीड़ में खड़ा हो गया। इसी दौरान किसी ने उसका रुपया उड़ा दिया। इसकी जानकारी होने पर परेशान युवक व्याकूल हो गया। आसपास के सीसी कैमरा की पड़ताल करने पर घटना को अंजाम देने वाले युवक को फूटेज में देखा गया। खोजबीन सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद भी आरोपी युवक की पहचान नही हो सकी। परेशान युवक ने शुक्रवार को स्थानीय थाना में लिखित आवेदन दिया है और कार्रवाई की मांग की है। इसके पहले छपरा खेसारी लाल यादव के रोड शो में भी ऐसी ही घटना घट चुकी है।



## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती



**दैनिक खोज खबर/ छपरा ।** स्वतंत्र भारत के पहले केंद्रीय गृहमंत्री लौहपुरुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के राष्टीय सेवा योजना के तत्वावधान में सीनेट हॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, पदाधिकारीगण, प्राध्यापकगण, छात्र-छात्रा और कर्मचारीगण ने देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।इस अवसर पर प्रो. गजेंद्र कुमार कुलसचिव प्रो. नारायण दास , कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय , परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक मिश्रा , एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र सहित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, पदाधिकारीगण, छात्र-छात्रा और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## उत्सर्ग एक्सप्रेस में सवार महिला को अचानक हार्ट अटैक

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** शुक्रवार की शाम छपरा से कानपुर जा रही उत्सर्ग एक्सप्रेस में सवार महिला को अचानक हार्ट अटैक आया जिससे परेशान महिला के पति ने उसे मांझी रेलवे स्टेशन पर उपचार के उद्देश्य से उतार लिया। बाद में माँझी थाना पुलिस के सहयोग से बीमार महिला को माँझी सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका मढ़ौरा थाना क्षेत्र के मोथहां रामपुर निवासी रामबली सिंह की पत्नी मालती देवी उम्र 62 वर्ष बताई जाती हैं। मृतका के साथ यात्रा कर रहे उसके पति ने बताया कि वे अपने बडे भाई नंद किशोर सिंह के 28 को निर्धारित श्राद्ध संस्कार में शामिल होने के पश्चात अपनी पत्नी को लेकर अपने बेटे के पास कानपुर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रेन में महिला को हार्ट अटैक आया तब पति ने उसे मांझी रेलवे स्टेशन पर उतार कर मांझी पुलिस के सहयोग से अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस मशरक थाना परिसर में शपथ ग्रहण




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राष्टीय एकता दिवस पर मशरक थाना परिसर में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान के नेतृत्व में सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को राष्टीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने सभी को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई। वही सभी ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से उपर उठकर राष्टहित को सर्वोपरि मानने का संकल्प लिया।

## मतदान कर्मियों को दी गयी मॉक पोल की जानकारी

**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में निर्वाचन कर्मियों का प्रशिक्षण जारी रहा। प्रशिक्षण कार्यमें बीडीओ पंकज कुमार की देखरेख में चल रहा है। प्रशिक्षण कोषांग मे रहमत अली मंसूरी, संतोष सिंह, मुकुल कुमार सिंह,अभय कुमार सिंह, पवन पाण्डेय, अभय पाण्डेय ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सभी मतदानकर्मियों को मतदान प्रक्रिया के हर चरण से पूरी तरह परिचित कराना है। प्रशिक्षण में मशीन संचालन, ईवीएम एवं वीवीपैट का उपयोग, दस्तावेज संधारण, आचार संहिता पालन, आपातकालीन परिस्थितियों का प्रबंधन और मतदान स्थल पर व्यवस्थित संचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे कर्मी मतदान दिवस पर अपनी जिम्मेदारी निपुणता और निष्पक्षता के साथ निभाने में सक्षम होंगे। मतदाता जागरूकता गतिविधियों से उत्साह देखने को मिला।

## लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, आवागमन में हो रहीं हैं परेशानी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के विभिन्न गांवों में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। वहीं शुक्रवार की सुबह हुई तेज बारिश और ठंड के कारण आम लोगों के साथ-साथ बेजुबान पशु-पक्षी भी प्रभावित हुए हैं। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख सड़कों पर पानी लग गया हैं जिसमें आवागमन में परेशानी हो रही है। बारिश के साथ ठंड हवा की वजह से लोग ठंड से ठिठुरते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। इसी कारण से दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सीएचसी मशरक के चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि लगातार बारिश और हवा से ठंड बढ़ रही है इसलिए बच्चों और खासकर घरों के बुजुर्गो के सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। वहीं बारिश में भीगने से बचना होगा और गर्म कपड़े का उपयोग जरूरी है । लगातार बारिश से किसानों की कमर टूट गई। पश्चिम टोला गांव निवासी किसान श्याम बिहारी सिंह ने बताया कि कुछ सप्ताह पहले हुई जोरदार बारिश से सभी खेत डूबे पड़े थे कि फिर से हुई बारिश से सभी धान और सब्जी की फसलें बर्बाद हो गई। वहीं बारिश के पानी के कारण दलहन और तिलहन की खेती में देरी होंगी।

### आग्नेयास्त्र के साथ दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खेमचंद कन्हौली ग्राम से गुप्त सूचना के आधार पर जलालपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभिक्तों को देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त खेमचंद कन्हौली निवासी विश्वजीत कुमार उर्फ मुर्गा व सोनू कुमार उर्फ पंडित बताए गए हैं।विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देशन में जिले भर में अवैध अग्नेयास्त्र,अपराध व अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जलालपुर पुलिस ने शुक्रवार को यह कार्रवाई की। जलालपुर थाना पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों के घर की घेराबंदी कर बारी-बारी से विधिवत छापामारी की गई।

# सोनपुर विधानसभा में सरगर्मी तेज, फिर भी मतदाताओं में अब भी चुप्पी

**संजीत कुमार/दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत प्रथम चरण में 6 नवंबर को होने वाले चुनाव में सोनपुर विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज़ हो गयी है, सभी दल के प्रत्याशी के साथ-साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में कूद कर अपना भाग्य को आजमा रहे हैं वहीं प्रत्याशी व उनके समर्थक गांव-गांव जाकर मतदाताओं को लोक लुभावना वादे करते हुए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं तो वही दूसरी ओर मतदाता अब भी खामोश हैं। चुनावी चर्चाओं में हर जगह एक ही सवाल सुनाई दे रहा है कि आखिर इस बार सोनपुर का जनादेश किस ओर जाएगा। एक तरफ जहां राजद के उम्मीदवार डॉ रामनुज प्रसाद दूसरी ओर भाजपा के विधायक विनय कुमार सिंह, वहीं तीसरी पार्टी जन सुराज जिसका उम्मीदवार डॉ चंदन लाल मेहता है. सोनपुर बिगत 35 सालों से रघुवंशी और यदुवंशी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें कभी यदुवंशी की सीट आई तो कभी रघुवंशी की सीट आई है लेकिन विकास की ढिंढोरा पीट जाने वाले जिस हिसाब से सोनपुर का विकास होना था उस हिसाब से सोनपुर का विकास नहीं हो पाया है लेकिन हर उम्मीदवार पार्टी और जाति के नाम पर वोट मांग रहे हैं, तो कई उम्मीदवार सत्ता के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन की बात लोगों से कर रहे हैं। प्रत्याशी अपने चुनावी चिन्ह को बताते हुए अपने पक्ष में विकास के नाम पर मतदान करने के लिए अपील भी कर रहे हैं। मतदाता सभी प्रत्यासी के बातों को सुनकर हां में हां मिलाते हुए मौन हो रहे हैं। इस चुनावी दंगल में बड़े-बड़े नेताओं की सभाए तो हो रही है, लेकिन उस सभा में भी जाति धर्म, भय का माहौल बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। बड़े-बड़े नेताओं की भाषण व बादे को सुनकर मन ही मन मुस्कुराते हुए मतदाताओ का कहना है कि नेताओं सिर्फ भाषण देते हैं लेकिन उस पर अमल नहीं करते हैं. नेता अपने विकास में लग जाते हैं लेकिन जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर देते है. बड़े-बड़े नेताओं की भाषण एवं प्रत्याशियों के गांव में आगमन के बाद उनके बातों के सुनने के पश्चात प्रत्याशियों के विषय में जानकारी हासिल करते हुए कहते हैं कि नेताओं की बातों पर विश्वास नहीं है. नेता कब और कहां क्या बोलेंगे उनकी बातों की अहमियत नहीं है.जो प्रत्याशी दुःख और सुख या समाज के विकास की बात करेगा उसी को वोट दी जाएगी। लेकिन वह किस पक्ष की ओर मतदान करेंगे यह खुलकर नहीं बता रहे हैं और मौन साधे हुए है. हर प्रत्याशी जातीय समीकरण को साधने में लगे हुए हैं इसके लेकर स्थानीय इलाक़ों में घूमने पर पता चलता है कि मतदाता अपने मन की बात अभी ज़ाहिर नहीं कर रहे। गाँवों में लोगों की भीड़ जुट रही है, प्रत्याशी लगातार जनसंपर्क में लगे हैं, लेकिन वोटर की चुप्पी ने माहौल को और रोमांचक बना दिया है। कई अनुभवी राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यहाँ का शांत मतदाता हमेशा आख़िरी वक्त में फैसले करता है, और इस बार भी हालात कुछ ऐसे ही दिख रहे हैं। लेकिन इस बार की नये मतदता हो या युवा मतदाता जाति, पार्टी से उपर उठकर विकास के नाम पर वोट देने की अपील सोशल मीडिया के तहत लोगों को जागरुक कर रहे हैं. वहीं प्रत्याशी उम्मीदों के साथ लोगों से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मतदाता की अनिश्चित प्रतिक्रिया ने उनमें बेचैनी भी बढ़ा दी है। हर इलाक़ों में मतदाता विकास, रोज़गार, बेहतर शिक्षा, वेहतर स्वास्थ व्यवस्था,अच्छी सड़क, नली और स्थानीय मुद्दों पर गहरी बातचीत तो कर रहे हैं, मगर यह साफ़ नहीं हो रहा कि उनका झुकाव किस ओर है। अब सभी की निगाहें चुनावी दिन 6 नवम्बर पर टिकी हैं, जब यह खामोशी टूटेगी और सोनपुर का सियासी गणित पूरी तरह साफ़ होगा। लेकिन अब देखना यह है कि इस बार सोनपुर विधानसभा की जनता जाति,पार्टी से ऊपर उठकर विकास पर मोहर लगती है या जाति पार्टी में ही सिमट कर रह जाती है।

## बारिश और तेज हवाओं से किसानों को भारी नुकसान



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान मोथा के प्रभाव से बनियापुर प्रखंड सहित पूरे जिले में किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं।कई किसानों के खेतों में धान की फसल गिर गई है, जिससे कटाई का काम रुक गया है। जिन किसानों ने पहले ही धान काटकर खेतों में छोड़ रखी थी, उनकी फसल पूरी तरह पानी में डूब गई है। इस स्थिति से किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय किसान राजकुमार सिंह, अवधेश सिंह और रघुवंशी सिंह ने बताया कि इस बार समय पर बारिश न होने के कारण उन्हें पंपिंग सेट से सिंचाई कर धान की बुआई करनी पड़ी थी। कड़ी मेहनत और भारी खर्च के बाद जब फसल कटाई के लिए तैयार थी, तब नहरों से निकले पानी और बारिश ने पूरी फसल को चौपट कर दिया। किसानों का कहना है कि खेतों में भरा पानी सूखने में कई दिन लगेंगे, जिससे अगली फसल की तैयारी भी प्रभावित होगी। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द नुकसान का सर्वेक्षण कर मुआवजे की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

# मढ़ौरा वि.स. : खैरा में जनसुराज के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड के खैरा बाजार पर जनसुराज पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को मढ़ौरा विधान सभा क्षेत्र के जनसुराज के प्रत्याशी नवीन कुमार सिंह उर्फ अभय सिंह एवं जनसुराज के नेताओं द्वारा विधिवत पूजा करके तथा नारियल फोड़ कर किया गया। उक्त अवसर पर मोहम्मद मनान ने कहा कि क्षेत्र में परिवर्तन की लहर है, जिसमें जनसुराज के प्रत्याशी नवीन कुमार सिंह सबसे आगे चल रहे है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आप अभी लोग स्कूल के बस्ता छाप पर बटन दबा कर विजयी बनाए। वहीं रणजीत राय ने भी स्कूल के वास्ता छाप पर बटन दबाने की अपील की। प्रत्यासी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि मेरा परिचय यह है कि मैं आप के गांव घर का सदस्य हूं।मैं 25 वर्षो से आपके सुख दुःख में शामिल हूं।पूरे



मढ़ौरा में बदलाव की आंधी बह रही हैं। नवीन कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र के 70 प्रतिशत जनता स्कूल के बास्ता छाप के साथ है। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद यहां के लोगों की घुटना भर पानी हेल कर नहीं चलना पड़ेगा। आप सभी स्कूल के बास्ता छाप पर बटन दबा कर मुझे विजयी बनाए। उक्त अवसर पर जनसुराज के नेताओं के साथ सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संघमित्रा पब्लिक स्कूल में मना सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वां जन्म दिवस

**सिवान।** शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रार्थना सभा में सरदार वल्लभ भाई पटेल का 150वां जन्म दिवस मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में राष्टभक्ति और एकता का वातावरण व्याप्त था। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को हृदय से अपनाया। विद्यार्थियों ने पटेल के जीवन, संघर्ष और देश के एकीकरण में उनके योगदान पर आधारित भाषण, कविताएं और लघु नाट्य प्रस्तुति प्रस्तुत की। सभा में यह भी उल्लेख किया गया कि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भारतीय राष्टीय कांग्रेस के प्रमुख नेता के रूप में भाग लिया और बाद में भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने। गुजरात स्थित ÷स्टैच्यू आफ यूनिटी÷ जो पटेल जी को समर्पित है दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जिसकी ऊंचाई 182 मीटर है। यह प्रतिमा भारतीय एकता और साहस का प्रतीक है। विद्यालय की प्राचार्या नवोनीता घोष ने कहा कि सरदार पटेल न केवल भारत के लौह पुरुष थे, बल्कि उन्होंने देश की एकता को जिस प्रकार से जोड़ा, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सभा के अंत में सभी विद्यार्थियों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि हम सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा करेंगे। सभा का संचालन विद्यालय के सर्वे सचिव मनीष प्रसाद सिंह ने की और कार्यक्रम को अनुशासित व भावनात्मक रूप से सफल बनाया।

### उपभोक्ता आयोग के कड़े रूख से बीमा कंपनी ने राशि का किया भुगतान

**सिवान।** जिला उपभोक्ता आयोग के कड़े रूख के बाद बीमा कंपनी ने एक मामले में राशि का भुगतान किया है। इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने बताया कि जीबी नगर थाना क्षेत्र के पांडेपुर खंभोरी निवासी वीरेंद्र यादव की बाइक 12 जून 2023 को सराय थाना क्षेत्र के मौली के बथान के समीप से चोरी हो गई थी। जब बाइक की चोरी हुई थी, उक्त समय गाड़ी बीमा कंपनी से बीमित थी। उन्होंने चोरी की सूचना स्थानीय सराय थाना को दी। वहीं पुलिस ने मामले की जांच की, इस दौरान घटना को सत्य एवं सूत्रहीन पाया। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी ने घटना को सत्य एवं सूत्र हीन पाते हुए उसे स्वीकृत किया। इस दौरान पीड़ित वीरेंद्र यादव ने चोरी की सूचना टाटा एआईजी बीमा कंपनी को दी, लेकिन बीमा कंपनी ने कोई निर्णय नहीं लिया। थक हारकर वादी ने उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। उन्होंने बताया कि वे महज एक दिन ही गाड़ी पर चढ़ पाए थे। उपभोक्ता आयोग में सुनवाई के दौरान आयोग के कड़े रूप को देखते हुए विपक्षी बीमा कंपनी ने शिकायतकर्ता के दावा को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। बीमा कंपनी ने उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद एवं सदस्य मनमोहन कुमार के समक्ष 66 हजार रूपये का चेक दिया। जिसे शिकायतकर्ता वीरेंद्र यादव को सुपुर्द किया गया।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिवान** सराय थाना क्षेत्र के उखई पुरबपट्टी से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि सूचना मिली थी कि उखई पुरब पट्टी में कुछ लोग शराब बेच रहे है। सूचना पर छापेमारी कर 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी विश्वनाथ महतो व गौतम प्रसाद है। इस संबंध में पचरूखी (सराय) थाना कांड संख्या 481/2025 दर्ज किया गया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

सिवान। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव के समीप शुक्रवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान गुठनी निवासी सुशील कुमार व पुष्कर सिंह के रूप में हुई है। घायल के स्वजनों ने बताया कि पिता-पुत्र दोनों बाइक पर सवार होकर दारौंदा जा रहे थे। तभी श्यामपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया। जिसे दोनों घायल हो गए। ट्रक को पकड़ने के लिए स्थानीय लोगों ने दौड़ा लेकिन वह फरार होने में सफल रहा।

### 24 घंटे के विशेष अभियान में 23 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान विविध कांडों में दो, शराब के कांड में 17, वारंट में तीन व हत्या के कांड में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 236 लीटर देसी व 0.1 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 68 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि 50 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि अभियान के दौरान तीन दो पहिया वाहन बरामद हुआ।

### शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के उखई पुरबपट्टी से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि सूचना मिली थी कि उखई पुरब पट्टी में कुछ लोग शराब बेच रहे है। सूचना पर छापेमारी कर 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार उक्त गांव निवासी विश्वनाथ महतो व गौतम प्रसाद है। इस संबंध में पचरूखी (सराय) थाना कांड संख्या 481/2025 दर्ज किया गया।

### एसपी ने लोगों की सुनीं फरियाद

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी द्वारा एसपी कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें दस से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन करके तेजी से कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल तीस फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने व यथाशीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## हथियार व गोली के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के तिलमापुर चौराहा समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना वाहन जांच के दौरान बाइक सवार एक बदमाश को हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नौतन थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव निवासी विकास यादव है। जिसे पूछताछ के बाद पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि थाना क्षेत्र के तिलमापुर चौराहा के पास वाहन चेकिंग के क्रम में एक कट्टा, दो कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल बरामद कर अभियुक्त विकास यादव को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में नौतन थाना कांड संख्या-265/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। बताया कि सिवान पुलिस द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र जिले में निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने हेतु छापेमारी, निगरानी, सतर्कता एवं सघन चेकिंग अभियान निरंतर जारी है।

## लापता दिव्यांग महिला पहुंची आंदर थाना

**आंदर (सिवान) ।** थाना परिसर में शुक्रवार की दोपहर लापता एक बोलने में असक्षम महिला पहुंची गई। महिला अपना गांव व नाम बताने में असमर्थ थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि महिला को सुरक्षित थाना परिसर में बैठाया गया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से महिला की पहचान करने की अपील लोगों से की। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला गूंगी है। वह पढ़ी-लिखी नहीं होने के कारण अपना नाम व गांव नहीं बता पा रही है।

## सीसी कैमरा से होगी निगरानी

**दारौंदा (सिवान) ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ सिंपी कुमारी की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सेक्टर पदाधिकारियों एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया।बैठक में बीडीओ ने बूथ केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, रैंप, बिजली, साफ-सफाई और बैठने की व्यवस्था जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि हर हाल में सभी सुविधाएं समय पर दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी न हो।उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में सीसी कैमरे अंदर और बाहर दोनों स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिससे चुनावी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। बीडीओ ने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीईओ सौरभ सुमन ने कहा कि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिम्मेदार होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों में मतदान केंद्र नहीं बनाए गए हैं, वहां भी साफ-सफाई और विद्यालय संचालन की स्थिति बेहतर रखी जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों व कर्मियों को इंटरनेट मीडिया पर किसी भी राजनीतिक पोस्ट को डालने या लाइक-शेयर करने से बचने की सख्त हिदायत दी गई।

बैठक में सेक्टर पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, रवींद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, मिथिलेश तिवारी, कमलेश्वर प्रसाद समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

## मारपीट में दो घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आसी नगर में शुक्रवार की दोपहर बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का इलाज किसी निजी अस्पताल में हुआ। घायल की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी फातिमा व एजाज आलम के रूप में हुई है। एजाज ने बताया कि मेरे बच्चा घर के आगे खेल रहा था तभी इस दौरान बच्चों में विवाद हो गया। जब लोग वहां पहुंचे तो एक दूसरे बच्चे के पिता व भाई ने हमलोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

## जन्म दिवस पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल

**सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तथा प्रदेश प्रतिनिधि रमाकांत सिंह के नेतृत्व में अमर सेनानी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का 150वां जन्म दिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान जहां सरदार वल्लभ भाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया वहीं पूर्व प्रधानमंत्री के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा इनके आदर्शो को आत्मसात करने पर बल दिया गया। नेताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों को एकीकृत करने के लिए जो संघर्ष किए और भारतवर्ष को एक सूत्र में पिरोया, वह काबिले तारिफ है। वहीं इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि और जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, सेवादल के सारण जोन के मुख्य संगठक मथुरा पंडित, बिहार प्रदेश कांग्रेस एसीएसटी के उपाध्यक्ष पंचदेव राम, कांग्रेस नेता मिथिलेश सिंह, गोपाल प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं रघुनाथपुर के मुरारपट्टी में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया।

## संध्या आरती वातावरण को शुद्ध और ऊर्जावान बनाता है : विजय प्रकाश पाठक

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के बरवां स्थित जानकी संस्कृत प्राथमिक, मध्य, उच्च सह महाविद्यालय आवासीय गुरुकुल परिसर में प्राचार्य विजय प्रकाश पाठक उर्फ ददन पाठक की देखरेख में गुरुवार की शाम गुरुकुल के शिष्यों ने एक साथ आसन पर बैठक संध्या आरती की। प्राचार्य ने बताया कि इसमें मंत्रों का जाप, कीर्तन और ईश्वर की स्तुति की जाती है जिससे वातावरण शुद्ध और ऊर्जावान बनता है। यह दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शिष्यों को भक्ति और अनुशासन सिखाती है। गुरुकुल की परंपरा के अनुसार शाम का समय संध्या आरती का होता है। आरती में दीपक या कपूर से भरी थाली को भगवान के सामने घुमाया जाता है। इसमें विभिन्न मंत्रों और श्लोकों का पाठ होता है। आरती का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि यह शिष्यों को मन और आत्मा की शुद्धि, एकाग्रता और ईश्वर के प्रति भक्ति सिखाती है।

## अष्टयाम को निकली कलश यात्रा

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के पिपरहियां शिव मंदिर परिसर में आयोजित अखंड सार्वजनिक अखंड अष्टयाम को लेकर शुक्रवार को बैंड-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पिपरहियां मठिया से आरंभ होकर विमल मोड़, अरुआ मेला होते हुए पुरैनिया पोखरा तक पहुंची। वहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं ने कलश में जल भरकर पुन~ यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां पूजा अर्चना शुरू हुई। इस दौरान ढोल-नगाड़े और भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा में शामिल लोगों का जगह-जगह स्वागत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर परिसर में शनिवार से रविवार तक 24 घंटे का अखंड राम नाम का जाप किया जाएगा। शाम तक पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलेगा। इस मौके पर रमेश साह, चिंता देवी, बृजेश कुमार, पूनम कुमारी, गणेश साह समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

## अपराध की योजना बनाते बदमाश गिरफ्तार

**महाराजगंज (सिवान)।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं पुलिस ने 28 अक्टूबर की देर शाम कपिया निजामत में संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से एक कट्टा, दो गोली, 2.5 ग्राम गांजा व एक चोरी की बाइक बरामद की। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान कपिया जागीर निवासी अरविंद कुमार उर्फ छोटू कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को बिहार एसटीएफ की विशेष टीम को सूचना मिली कि अरविंद कुमार अपने कुछ साथियों के साथ दारौंदा के किसी व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहा है। तभी वहां तुरंत छापेमारी की गई। इसमें अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसके कुछ साथी भागने में सफल रहे। इस मामले में 29 अक्टूबर को प्राथमिकी की गई तथा 30 अक्टूबर को उसे जेल भेज दिया गया।

## मुकदमा नहीं उठाने पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट, 10 नामजद

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के दरवेशपुर निवासी माला देवी ने थाने में आवेदन देकर 10 लोगों पर मुकदमा नहीं उठाने पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि पूर्व से पड़ोसी संजय यादव से मुकदमा चल रहा है। इसे लेकर संजय यादव एवं उसके स्वजन मुकदमा उठाने का दबाव बनाते रहते हैं। इसी बीच 22 अक्टूबर की देर रात संजय यादव अपने घर पर पार्टी रखा था। इसमें पड़ोस के कुछ लोग एवं बघौनी के दो व्यक्ति समेत 10 लोग पार्टी में शामिल थे। सभी खा पीकर मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए मुकदमा उठाने का दबाव बनाने लगे। जब मैंने विरोध किया तो सभी लोग एकजुट होकर मेरे पति अमरजीत यादव एवं ससुर सत्येंद्र यादव को लाठी, डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बीच बचाव कर दोनों घायलों को सीएचसी में इलाज कराया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## सीवान : मेहंदी रचाकर, रंगोली बनाकर, शपथ दिलाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश के निर्देश के आलोक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रतिदिन विविध माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सीडीपीओ, महिला सुपरवाइजर, सेविका/सहायिका के माध्यम से प्रखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शपथ, संकल्प, स्लोगन और रैली के माध्यम से स्थानीय मतदाताओं को मतदान करने और कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस क्रम में जागरूकता दूतों में काफी उत्साह देखा गया। वे घर-घर जाकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी का संदेश वितरित कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते रहे। उल्लेखनीय है कि जिला में छह नवंबर को मतदान होना है। मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में 80 प्रतिशत से ऊपर मतदान हो।

## सामान्य प्रेक्षकों ने माइक्रो आब्जर्वर के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

### प्रेक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की तथा उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित किया

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र शहर के आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में माइक्रो आब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि माइक्रो आब्जर्वरों की भूमिका पूर्णतः प्रेक्षणात्मक होगी, वे किसी भी स्थिति में पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के रूप में कार्य नहीं करेंगे। उनका प्रमुख दायित्व यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हो सकें। यदि किसी भी कारणवश मतदान प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या व्यवधान प्रतीत होता है, तो माइक्रो आब्जर्वर तत्काल सामान्य प्रेक्षक को मोबाइल फोन या उपलब्ध संचार माध्यमों के द्वारा इसकी सूचना देंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि प्रत्येक माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस पर अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्पक्षता, सतर्कता एवं दक्षता के साथ निभाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता बनी रहे। वहीं 105 सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा की पदाधिकारी सोनाली पोंक्षे वायंगणकर, 106 जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी दिव्य प्रकाश गिरि एवं 111 गोरेयाकोठी के सामान्य प्रेक्षक भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी बचनेश कुमार अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की तथा उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने यह कहा कि प्रत्येक अधिकारी को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



# सिवान में बोले योगी- यूपी में पेशेवर अपराधी सपा के शागिर्द हैं, ऐसे ही बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के शागिर्द हैं, इन्हें पनपने नहीं देना है

- यूपी में हमने बुलडोजर से रौंद–रौंद कर ऐसे माफियाओं का कचूमर निकाल करके यूपी की धरती से जहन्नुम के रास्ते खोल दिए हैं
- बिहार व भारत को विकसित करने के लिए भाजपा–एनडीए की सरकार जरूरी




**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे स्टार प्रचारकों का दौरा तेज हो गया है। इस क्रम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ शहर के गांधी मैदान में आयोजित एनडीए की चुनावी सभा को संबोधित किया। हालांकि कार्यक्रम के दौरान लगातार वर्षा हो रही थी, बावजूद इसके समर्थकों का उत्साह कम नहीं हुआ। अपने संबोधन में सीएम योगी आदित्य नाथ ने कहा कि राजद के समय में बिहार के अंदर अपराध और अपहरण एक उद्योग बन चुका था। बिहार के अंदर किस प्रकार की अराजकता, गुंडागर्दी और परिवारवाद हावी थी, एक ही परिवार के नातेदार-रिश्तेदार पूरे बिहार को रौंदने का काम कर रहे थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा कर रहे थे। मानव तो दूर पशुओं का चारा हजम करके नौजवानों के सामने भीषण संकट खड़ा कर दिया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सत्ता की नहीं, बल्कि अस्मिता और विकास की लड़ाई है। बिहार की आन-बान-शान और गौरवशाली परंपरा को पुनर्प्रतिष्ठा प्रदान करने की लड़ाई है। बिहार को फिर से स्वर्ण युग की ओर ले जाने की लड़ाई है। सीएम योगी ने राजद व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके शासनकाल में बिहार को अपराध और अपहरण की पहचान मिली। नौकरी के बदले जमीन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में युवाओं को नौकरी तो नहीं मिलेगी, लेकिन उसके बदले नौकरी के नाम पर जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं दो दिन पूर्व रघुनाथपुर में आया था, क्योंकि एक खानदानी माफिया वहां पर फिर से कब्जा करना चाहता है। यूपी में हमने बुलडोजर से रौंद-रौंद कर ऐसे माफियाओं का कचूमर निकाल करके यूपी की धरती से जहन्नुम के रास्ते खोल दिए हैं। कहा कि जैसे यूपी में पेशेवर अपराधी सपा के शागिर्द हैं, ऐसे ही बिहार में अपराधी आरजेडी और कांग्रेस के शागिर्द हैं, इन्हें पनपने नहीं देना है। ये जब भी आगे बढ़ेंगे ये गरीब के हक पर डाका डालेंगे, बहन बेटियों की सुरक्षा पर सेंध लगाएंगे। रोजगार को छीनने का काम करेंगे। किसानों की खुशहाली को रौंदने का काम करेंगे। यही अपील करने मैं आपके बीच आया हूं।कार्यक्रम में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सांसद विजय लक्ष्मी देवी, यूपी सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव, पूर्व विधान पार्षद मनोज कुमार सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जदयू के जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, लोजपा के जिलाध्यक्ष महादेव पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल रिजवान, संजय कुमार पांडेय, मुकेश कुमार बंटी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सीवान : न्यूनतम मतदान वाले बूथ क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार विधानसभा आम चुनाव को लेकर स्वीप द्वारा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान पहले मतदान, फिर जलपान, मतदान है लोकतंत्र की शान जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही घर-घर दस्तक कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को छह नवंबर को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छ, निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान की शपथ भी दिलाई गई। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान हेतु प्रोत्साहित करना और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है, ताकि लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।



